
क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संक्षिप्त समाचार

## पानी में डूबी प्रवासियों से भरी नाव, बाल-बाल बचे 65 यात्री



**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के तट पर प्रवासियों से खचाखच भरी एक नाव डूब गई, जिससे एक बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे में अब तक 65 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है और एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि नाव पर यात्रियों की संख्या अधिक थी, जिसके कारण अधिक वजन होने से यह हादसा हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल था। यात्री चीख-पुकार करते हुए अपनी जान बचाने के लिए पानी में इधर-उधर भागे। नाव पर मौजूद लोगों ने एक-दूसरे की मदद की, जब स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों को इस घटना की सूचना मिली, तो उन्होंने तुरंत बचाव दल को मौके पर भेजा। बचाव दल ने 65 यात्रियों को सुरक्षित दूसरी नाव पर शिफ्ट कर दिया, जिससे उनकी जान बच गई। स्थानीय नौसेना के अनुसार, इस हादसे में एक बच्चा बेहोश मिला। डॉक्टरों ने उसकी जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का मानना है कि बच्चे की मौत दम घुटने और सदमे के कारण हुई है। उसके परिजनों से पूछताछ की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार रात फ्रांस के तट के पास चैनल में ब्रिटेन जा रही प्रवासियों से भरी एक नाव डूब गई। इस घटना का कारण नाव का अधिक वजन बताया जा रहा है। इस वर्ष फ्रांस में समुद्र में डूबने से करीब 52 प्रवासियों की मौत हो चुकी है। इससे पहले 3 सितंबर को 12 बच्चों की भी इसी तरह से डूबने से मौत हुई थी। कई प्रवासी गैर-कानूनी तरीके से फ्रांस में घुसने का प्रयास करते हैं। स्थानीय जांच एजेंसियां समुद्र में गश्त लगा रही हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## खाई में गिरी जापानी पर्यटकों से भरी बस, 22 लोग घायल

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये में एक दुखद घटना में जापानी पर्यटकों को ले जा रही एक बस बृहस्पतिवार को सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार 22 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना अंकारा से लगभग 250 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में अफ्योनकाराहिसर प्रांत के एक राजमार्ग पर हुई। दुर्घटना का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। घायलों को अफ्योनकाराहिसर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी चिकित्सा की जा रही है। इनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई गई है। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी की चीन को सलाह- रूसी सेना को स्पोर्ट करे बंद, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध से रहे दूर

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने चीन द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को दिए जा रहे समर्थन पर शुक्रवार को चिंता जताई और अपने चीनी समकक्ष से आग्रह किया कि वह अपने देश की कंपनियों को रूसी सेना को उपकरणों की आपूर्ति करने से रोकें। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ शुक्रवार को बैठक की थी। डेविड लैमी ब्रिटेन में जुलाई में 'लेबर पार्टी के सत्ता में आने के बाद चीन की यात्रा करने वाले पहले कैबिनेट मंत्री हैं। उन्होंने चीन के उप प्रधानमंत्री डिंग श्वेशियांग से शुक्रवार को मुलाकात की तथा उसी दिन बाद में विदेश मंत्री वांग यी से भी बातचीत की। ब्रिटेन के विदेश मंत्री बीजिंग के साथ संबंधों को सुधारने के प्रयासों के तहत चीन की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। दरअसल, जासूसी के आरोपों, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का समर्थन करने और हांगकांग में आम नागरिकों की स्वतंत्रता का दमन के मुद्दे पर दोनों देशों के संबंधों में खटास पैदा हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि ब्रिटेन की सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि चीन के साथ संबंध ''व्यावहारिक और आवश्यक हैं।

## इराकी मिलिशिया समर्थकों का सऊदी चैनल एमबीसी के कार्यालय पर हमला, जमकर की तोड़फोड़ और आगजनी

**रियाद, एजेंसी।** ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया समूह के समर्थकों ने सऊदी अरब के एमबीसी चैनल के कार्यालय पर हमला किया। यह हमला तब हुआ जब चैनल के एक कार्यक्रम में एक मिलिशिया कमांडर को आतंकवादी कहकर संबोधित किया गया। इस टिप्पणी से नाराज होकर इराक में इस मिलिशिया के सैकड़ों समर्थकों ने एमबीसी के दफ्तर पर धावा बोल दिया शनिवार की सुबह लगभग 400 से 500 लोगों का एक बड़ा समूह बगदाद में स्थित एमबीसी के दफ्तर में घुस आया। उन्होंने दफ्तर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कंप्यूटर तोड़ दिए और कार्यालय के एक हिस्से में आग भी लगा दी। एक अनाम सुरक्षा अधिकारी ने एजेंस फ्रांस-प्रेस को बताया कि कार्यालय में लगी आग को तुरंत बुझा दिया गया। यह हमला इसलिए हुआ क्योंकि एमबीसी चैनल ने एक कार्यक्रम के दौरान इराकी मिलिशिया के कमांडर को आतंकवादी कहा था। इस कमांडर का संबंध ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया से था, जो कि इराक में एक प्रभावशाली समूह है। इस बयान को मिलिशिया समर्थकों ने अपमानजनक माना और इसके विरोध में दफ्तर पर हमला कर दिया। यह हमला इराक और सऊदी अरब के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और बढ़ा सकता है। सऊदी एमबीसी नेटवर्क पर पहले भी कई बार आरोप लगे हैं कि वे ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ कार्यक्रम प्रसारित करते हैं, जिससे इस तरह के गुस्से का माहौल पैदा होता है।

# कौन था इजराइल पर सात अक्टूबर, 2023 को हुए हमले के मास्टरमाइंड याह्या सिनवार, हमास का अगला नेता कौन ?

**येरूशलम, एजेंसी।** इजराइल पर सात अक्टूबर, 2023 को हुए हमले के मास्टरमाइंड याह्या सिनवार को मार गिराया गया है. इजराइल ने इसकी पुष्टि भी कर दी है. याह्या सिनवार हमास का सबसे खूंखार नेता माना जाता था. उसे खान यूनिस का कसाई भी कहा जाता था. सात अक्टूबर के हमले में 1200 लोग मारे गए थे, जबकि 251 लोगों का अपहरण कर लिया गया था. इस हमले के बाद इजराइल के सैनिकों ने याह्या सिनवार को जिम्मेदार ठहराया था. उनका कहना था कि इसने ही साजिश रचकर इजराइलियों की हत्या की, इसलिए उसकी मौत तय है, उसे खत्म किया जाएगा. इजराइल मानता है कि याह्या सिनवार के साथ-साथ इस हमले में मुहम्मद दैफ भी शामिल था. दैफ हमास की सैन्य शाखा में शामिल था. इजराइल का दावा है कि दैफ भी मारा गया. हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की गई है.



**कौन था याह्या सिनवार :** याह्या सिनवार को हमास में दूसरे नंबर का नेता माना जाता था. पहले नंबर पर इस्माइल हनिया था. हनिया पहले ही मारा जा चुका है. इजराइली सैनिकों ने जुलाई में उसे मार गिराया था. इजराइल ने जो जानकारी दी है, उसके अनुसार सात अक्टूबर की घटना के बाद सिनवार लगातार अंडर ग्राउंड रह रहा था. इजराइल के अनुसार वह किसी से भी बात नहीं करता था, क्योंकि उसे उसके लोकेशन को लेकर पकड़े जाने का भय था.

**कैंप में हुआ था याह्या सिनवार का जन्म :** याह्या सिनवार को पहले अबु इब्राहिम के नाम से जाना जाता था. वह दक्षिणी गाजा पट्टी का रहने वाला था. उसका जन्म गाजा के खान यूनिस के एक शरणार्थी शिविर में हुआ था. 1948 में याह्या के माता-पिता शरणार्थी बन गए थे. उसे पुश्तैनी इलाके से निकाल दिया गया था. 1948 में इजराइल ने फिलस्तीनी इलाके पर हमला किया था. इस हमले की वजह से हजारों फिलिस्तीनी शरणार्थी बन गए थे और उन्हीं में याह्या का परिवार भी शामिल था.

**इस्लामिक कॉलेज से ली डिग्री :** सिनवार ने खान यूनिस में ही स्कूल की पढ़ाई की. गाजा के एक इस्लामिक कॉलेज से स्नातक किया. बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक खान यूनिस में ही याह्या का संपर्क मुस्लिम ब्रदरहुड से हुआ. दरअसल, जिस कैंप में याह्या रहता था, उसी कैंप में मुस्लिम ब्रदरहुड के समर्थक भी रहा करते थे. ऐसा कहा जाता है कि याह्या का व्यवहार तभी से हिंसक हो गया था. हमास के संस्थापक का बन गया चहेता रिपोर्ट के अनुसार 1982 में उसकी पहली बार गिरफ्तारी की गई थी. उस पर इस्लामी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगा था और इजराइली सैनिकों ने गिरफ्तारी की थी. जेल से छूटने के बाद वह हमास के संस्थापक शेख अहमद यासीन का चहेता बन गया. हमास की स्थापना 1987 में की गई थी.

**याह्या ने हमास के लिए सैन्य दल का किया गठन :** याह्या सिनवार ने 1989 में हमास के लिए एक सैन्य दल का गठन किया. इसका नाम अल मज्द रखा गया था. शुरू में इसका काम अपराध करने वालों को सजा देना होता था. बाद में वह हमास का लड़ाकू विंग बन गया.

**क्रूरता की वजह से उसे खान यूनिस का कसाई कहा जाता था :** बीबीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि याह्या बहुत ही खूंखार था. उसकी छवि कट्टर थी. उसे यदि किसी पर शक होता था कि वह इजाराइल से मिला हुआ है, तो वह उसकी हत्या कर देता था. उसके आसपास का कोई भी आदमी उससे पंगा लेना नहीं चाहता था. यहां तक कि शक होने पर वह अपने आदमियों को भी मार देता था. इसी कारण से सिनवार को खान यूनिस का कसाई भी कहा जाता था.

**23 साल तक लगातार जेल में बंद रहा याह्या सिनवार :** 1988 में इजराइल ने याह्या को फिर गिरफ्तार किया. 1988 से लेकर 2011 तक वह जेल में बंद रहा. इस दौरान भी उसकी अकड़ बनी रही. मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि जेल में वह एक तरह से नेता बन गया था और पुलिस के साथ कैदियों की ओर से वह खुद बात करता था. याह्या अरबी के साथ-साथ हिब्रू भी बोलता था.

**इजराइली सैनिक के बदले याह्या को जले से किया गया रिहा :** इजराइल ने 2011 में अपने सैनिक गिलाड शलिट के बदले याह्या सिनवार समेत 1027 फिलिस्तीनियों को छोड़ा था. शलिट खुद पांच साल तक हमास के हाथों बंधक रहा था. ऐसा कहा जाता है कि उसकी गिरफ्तारी में याह्या के करीबी का हाथ था. गाजा के चुनाव में हमास को जीत हासिल हुई. हमास ने यासिर अराफात की पार्टी अल-फतह का लगभग सफाया कर दिया. उनके नेताओं को भी मार दिया. याह्या ने अन्य कई संगठनों से समझौता करके अपना गुट बड़ा कर लिया था. 2013 में याह्या को गाजा पट्टी में पॉलिटिकल ब्यूरो का सदस्य नियुक्त किया गया था. 2017 में वह इस ब्यूरो का प्रमुख बन गया. 2015 मे अमेरिका ने याह्या को विशेष नामांकित वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था. इजराइली सेना के प्रवक्ता कर्नल रिचर्ड हेख्त ने याह्या को शैतान का चेहरा कहा था. अब हमास का अगला नेता कौन होगा, इस पर संगठन में विचार विमर्श जारी है. कुछ नामों पर विचार किया जा रहा है. इनमें से महमूद अल जहर, मौसा अबु मार्जुक, मोहम्मद सिनवार और खलीफ अल हया के नाम सामने आ रहे हैं।

## पाकिस्तान में कॉलेज में रेप के खिलाफ सड़कों पर छात्र, स्कूल कॉलेज बंद



**रावलपिंडी, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच सभी स्कूल-कॉलेज को बंद करने का आदेश दिया गया है। पंजाब कॉलेज फॉर वीमेन के कैंपस में एक छात्रा से रेप के आरोपों के बाद पाकिस्तान में छात्र आंदोलन भड़का है। पंजाब पाकिस्तान का सबसे ज्यादा आबादी वाला क्षेत्र है।

अब पंजाब प्रांत के गृह विभाग ने शुक्रवार और शनिवार को लोगों के इकट्ठा होने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। स्कूल कॉलेज बंद होने से पंजाब प्रांत में लगभग 2.6 करोड़ बच्चों और कॉलेज छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ेगा। रावलपिंडी पुलिस का कहना है कि गुरुवार को शहर में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में 380 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सोशल मीडिया पर उपलब्ध फोटो/वीडियो से आगजनी करने वाले छात्रों की पहचान करेगी। छात्रों का प्रदर्शन अब लाहौर के अलग-अलग कॉलेजों से लेकर रावलपिंडी जैसे शहरों तक फैल गए हैं। रावलपिंडी में हो रहे प्रदर्शन पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज भी किया। सोशल मीडिया पोस्ट वायरल होने पर भड़के छात्र पुलिस ने गार्ड को गिरफ्तार पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल होने के बाद छात्रों का विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। वायरल पोस्ट में खबर थी कि पंजाब कॉलेज फॉर वीमेन के कैंपस में एक छात्रा के साथ रेप हुआ है। पुलिस ने इस सोशल मीडिया पोस्ट में दिखे एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार भी किया था। लेकिन अब तक कोई पीड़िता सामने नहीं आई है और पुलिस आरोपों की पुष्टि नहीं कर सकी है। मामले पर पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेज के लाहौर निदेशक आरिफ चौधरी का कहना है कि यदि ये घटना सच साबित होती है, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा और छात्रों के साथ खड़ा हो जाऊंगा। वहीं पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ ने कहा है कि जो लोग सोशल मीडिया पर झूठी खबर फैला रहे हैं।

## विदेशी महिला इंफ्लूएंसर को पाकिस्तान में नहीं दिखी लड़कियां !

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान का वायरल वीडियो- पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंची एक विदेशी महिला इंफ्लूएंसर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह एयरपोर्ट और शहर की सड़कों का दृश्य दिखाते हुए हैरानी जताती हैं कि वहां कोई महिला नजर नहीं आ रही है। इस सवाल ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है, और इस पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।यह वीडियो इस्लामाबाद एयरपोर्ट से शुरू होता है, जहां इंफ्लूएंसर और उनकी एक दोस्त फोन के कैमरे से एयरपोर्ट की भीड़ को दिखाती हैं। एयरपोर्ट की इस भीड़ में न कोई महिला नजर आती है और न ही कोई महिला कर्मचारी दिखाई देती है। इसके बाद इंफ्लूएंसर गाड़ी में बैठकर शहर की सड़कों पर घूमने निकलती हैं। जब वह इस्लामाबाद की सड़कों पर आती हैं, तो वहां भी उन्हें एक भी महिला नहीं दिखती। दुकानों, सार्वजनिक स्थानों, और सड़कों पर पुरुषों का जमावड़ा नजर आता है, लेकिन महिलाओं की कोई उपस्थिति नहीं होती। इंफ्लूएंसर इस दौरान अपने वीडियो में बार-बार कहती हैं, यहां की सारी लड़कियां कहां हैं? यह सवाल वीडियो का मुख्य आकर्षण बन गया है। इस वीडियो को अब तक 1 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है और 1 लाख 71 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। इस पोस्ट पर 21 हजार से ज्यादा कमेंट्स भी आ चुके हैं, जिनमें से अधिकांश ने महिलाओं की सार्वजनिक अनुपस्थिति पर हैरानी जताई है।

# शहबाज शरीफ ने बाइडन को पत्र लिखा, जेल में कैद में पाकिस्तानी महिला को रिहा करने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को पत्र लिखकर उस पाकिस्तानी महिला को रिहा करने का आग्रह किया है, जो आतंकवाद के जुर्म में अमेरिका में 86 साल की जेल की सजा काट रही है। सरकारी वकील ने इस्लामाबाद की एक अदालत को शुक्रवार को यह जानकारी दी। शरीफ के पत्र की एक प्रति अदालत में सौंपी गई, जो अमेरिका में प्रशिक्षित तंत्रिका तंत्र विज्ञानी आफिया सिद्दिकी की बहन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आफिया को 2010 में अमेरिकी नागरिकों की हत्या का प्रयास करने सहित अन्य आरोपों में दोषी करार दिया गया था। आफिया आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर तब शक के दायरे में आ गई थी, जब उसने अमेरिका छोड़ दिया और 11 सितंबर 2011 को अमेरिका में हुए आतंकवादी हमलों के स्वघोषित साजिशकर्ता खालिद शेख मोहम्मद से निकाह कर लिया। 2008 में वह अफगानिस्तान में अमेरिकी प्राधिकारियों के साथ झड़प में घायल हो गई थी। चश्मदीदों के मुताबिक, उसने अमेरिकी प्राधिकारियों पर गोली चलाई थी।



शरीफ के 13 अक्टूबर को भेजे पत्र की एक प्रति के मुताबिक, पाक प्रधानमंत्री ने बाइडन को बताया कि आफिया जेल में 16 साल की अवधि काट चुकी है। उन्होंने लिखा कि मामले को दया की नजर से देखा जाना चाहिए। शरीफ ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई पाकिस्तानी अधिकारियों ने उससे राजनयिक मुलाकात की और उसे मिलने वाले उपचार को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की, जिससे उसके पहले से ही कमजोर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। पाक प्रधानमंत्री ने अधिकारियों के आकलन के हवाले से लिखा कि दरअसल, उन्हें डर है कि वह अपनी जान ले सकती है। उन्होंने बाइडन से आफिया की बहन की क्षमादान याचिका स्वीकार करने और मानवीय आधार पर उसकी रिहाई का आदेश देने का आग्रह किया।

## जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय पर बम हमला, संदिग्ध गिरफ्तार- मीडिया रिपोर्ट

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की 2022 में उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह संसदीय चुनाव के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के एक उम्मीदवार के प्रचार में भाषण दे रहे थे। जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय में शनिवार को एक व्यक्ति ने कई बम फेंके जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सार्वजनिक प्रसारणकर्ता 'एनएचके' और अन्य जापानी मीडिया ने यह जानकारी दी।

इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। टोक्यो पुलिस ने इस घटना के संबंध में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि मामले की जांच अभी जारी है। समाचार रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसमें बताया गया कि आरोपी ने अपनी कार को पास की बाड़ में घुसा दिया था। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमले के पीछे उसका मकसद क्या था।



सत्तारूढ़ 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' संदिग्ध वित्तपोषण और कर चोरी से जुड़े घोटाले के कारण आमजन के बीच तेजी से लोकप्रियता खोती जा रही है। हमले के संबंध में पार्टी ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। देश की संसद के निचले सदन के लिए मतदान 27 अक्टूबर को होगा। कुछ दागी नेताओं से सत्तारूढ़ पार्टी ने आधिकारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है लेकिन वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।


'लिबरल डेमोक्रेट्स' लंबे समय से जापान में सत्ता में रही है। द्वितीय विश्व युद्ध की तबाही से जापान को आर्थिक महाशक्ति बनाने में उसकी बड़ी भूमिका है। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की 2022 में उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह संसदीय चुनाव के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के एक उम्मीदवार के प्रचार में भाषण दे रहे थे। हत्यारे ने हस्तनिर्मित बंदूक का इस्तेमाल किया था और कहा था कि वह आबे से इसलिए नाराज था क्योंकि उसकी मां ने परिवार का सारा पैसा 'यूनिफिकेशन चर्च' को दे दिया था और वह आबे को उस चर्च से जुड़ा मानता था।

## यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए उत्तर कोरिया ने भेज दी सेना, इस देश में मची खलबली

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में अब उत्तर कोरिया भी कूद पड़ा है। दक्षिण कोरिया की मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उत्तर कोरियाई सैनिक रूस की तरफ से युद्ध कर रहे हैं। कम से कम 1500 सैनिक रूस पहुंच चुके हैं। वहीं उत्तर कोरिया अपने 12 हजार सैनिकों को रूस भेजेगा। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी ऐसा ही दावा किया था। उन्होंने कहा था कि 10 हजार उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के लिए युद्ध लड़ सकते हैं।

दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक येओल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चेतावनी देते हुए कहा है कि उत्तर कोरिया का यह कदम बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। नेशनल इंटेलिजेंस सर्विसेज की बैठक के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि इस मामले को लेकर यूक्रेन के संपर्क में हैं और एआई का इस्तेमाल करके उत्तर कोरियाई अधिकारियों को पहचानने का प्रयास किया जा रहा है। वे यूक्रेन के दोनेत्स्क में ममौजूद हैं और रूस की तरफ से उत्तर कोरियाई मिसाइल फायर करने में मदद कर रहे हैं।

वहीं एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के मिलिट्री बेस पर पहुंचते हुए दिखाई दे रहे हैं। एजेंसी ने पुष्टि की है कि उत्तर कोरिया ने हथियार भेजने के बाद अब सैनिक भी भेजने शुरू कर दिए हैं। इससे पहले उत्तर कोरिया ने बलिस्टिक



मिसाइल, एंटी टैंक रॉकेट और 13 हजार से ज्यादा कंटेनर रूस के सप्लाई किए थे।

दक्षिण कोरिया का मानना है कि 80 लाख आर्टिलरी और रॉकेट राउंट रूस भेजे गए हैं। रूस और उत्तर कोरिया इस समय काफी नजदीक आ गए हं। दक्षिण कोरिआई एजेंसी ने अमेरिका से भी संपर्क किया है और इस मामले में आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि अगर यह बात सच है तो यह खतरे की घंटी है। इससे संघर्ष और बढ़ सकता है। वहीं अमेरिका और नाटो को तत्काल प्रतिक्रिया देने की जरूरत है।

# बांग्लादेश के कानून मंत्री बोले- शेख हसीना का प्रत्यर्पण जरूरी, भारत ने मना किया तो विरोध करेंगे

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में कानून मंत्री आसिफ नजरुल ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारत पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण से इनकार करने की कोशिश करता है तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, इसके बाद नजरुल ने यह टिप्पणी की। बांग्लादेशी अदालत ने गुरुवार को आदेश दिया था कि वे हसीना को 18 नवंबर तक उसके समक्ष पेश करें।

मंत्री नजरुल ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच पहले से ही एक प्रत्यर्पण संधि है। भारत नियमों का हवाला देकर शेख हसीना को यहां भेजने से इनकार कर सकता है, लेकिन ईमानदारी से कहें तो भारत हसीना को बांग्लादेश भेजने के लिए बाध्य है। विदेश मंत्रालय बोला- सुरक्षा वजहों से भारत में शेख हसीना शेख हसीना पर छात्र आंदोलन के दौरान हिंसा और मानवाधिकार के उल्लंघन के आरोप हैं। उन पर 200 से ज्यादा मामले चल रहे हैं। शेख हसीना 5 अगस्त को बड़े पैमाने पर हिंसा होने के बाद अपनी छोटी बहन के साथ भारत आ गई थीं। इसके बाद बांग्लादेश ने उनका राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा था कि शेख हसीना सुरक्षा वजहों से भारत आई थीं और वह अभी



यहीं पर हैं। माना जाता है कि शेख हसीना को किसी अज्ञान जगह पर रखा गया है। तब से उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। नजरुल ने पिछले महीने कहा था कि बांग्लादेश औपचारिक रूप से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करेगा, जब मुकदमा प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, शेख हसीना के विरोधी नेता रूहुल कबीर रिजवी ने कहा कि हसीना को शरण देना एक हत्यारे और अपराधी को शरण देने जैसा है। हमें उसे उचित कूटनीतिक प्रक्रिया के माध्यम से वापस लाना होगा। बांग्लादेश के विदेश मंत्री मोहम्मद तौहीद हुसैन ने सितंबर में कहा था कि शेख हसीना को सौंपना है या नहीं यह भारत तय करेगा।

भारत-बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण संधि को और आसान बनाया गया भारत-बांग्लादेश के बीच हुए प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक दोनों देशों को गिरफ्तारी वारंट के अलावा अपराध के सबूत भी साझा करने होते थे। हालांकि, साल 2016 में इस नियम को खत्म कर दिया गया था ताकि अपराधियों का प्रत्यर्पण जल्दी हो सके। संधि के मुताबिक अगर किसी व्यक्ति ने राजनीति से जुड़ा कोई अपराध किया है तो उसके प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है, लेकिन किस अपराध को राजनीतिक नहीं कहा जाएगा, इसकी लिस्ट काफी लंबी है। इनमें हत्या, गुमशुदगी, बम विस्फोट और आतंकवाद जैसे अपराध शामिल हैं। ऐसे संगीन मामले में प्रत्यर्पित करने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# रामपुर की कॉन्स्टेबल पत्नी पर बेवफाई का शक था सिपाही पति ने गला काटा

## ननदोई ने हाथ-पैर पकड़े,कहता- ७वीं फेल के इश्क में है



रामपुर में स्पेशल ब्रांच की रीजनल इंटेलिजेंस यूनिट के एक सिपाही ने अपनी कॉन्स्टेबल बीवी की हत्या कर दी। उसने चाकू से रेत कर पहले अपनी बीवी की गर्दन धड़ से अलग की फिर पॉलीथिन में पैक किया। करीब ३० किमी दूर मुरादाबाद में रामगंगा किनारे फेंक दिया। कॉन्स्टेबल को शक था कि पत्नी उसके साथ बेवफाई कर रही है। कॉन्स्टेबल अक्सर अपनी सास से कहता था- आपकी बेटी का अपने गांव के ७वीं फेल मजदूर से अफेयर चल रहा है। वो मेरे समझाने पर भी नहीं मान रही। इसे समझाइए, वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा।

रामपुर पुलिस ने महिला थाने में तैनात महिला सिपाही रिंकी


रिंकी सिंह, कॉन्स्टेबल

सिंह (३५) की हत्या के आरोप में उसके कॉन्स्टेबल पति सोनू सिंह और ननदोई ब्रजपाल उर्फ बंटी को अरेस्ट कर लिया है। आज दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

मृतक महिला कॉन्स्टेबल के पिता ने से कहा- इस घटना में जितना कसूर मेरे दामाद का है, उससे कहीं अधिक कसूरवार मेरी बेटी का प्रेमी ओमपाल है। उसे भी जेल भेजना चाहिए।

**१७ अक्टूबर को मुरादाबाद में मिली थी सिर कटी लाश**

मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में पुलिस को कल्याणपुर के जंगल में १७ अक्टूबर की दोपहर एक महिला की सिर कटी लाश झाड़ियों में पड़ी मिली थी। ऐसा लगता था, जैसे इसे पानी में फेंका गया था। फूलने के बाद डेडबॉडी किनारे झाड़ियों में आकर फंस गई थी।

पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया तो धड़ से करीब ५० मीटर दूर एक पॉलीथिन में लिपटा हुआ महिला का सिर मिला। इसके १०० मीटर दूरी पर एक ७ साल के बच्चे की लाश भी मिली थी। पहले इन्हें मां-बेटे की लाश माना जा रहा था। लेकिन, शनिवार को महिला के शव की पहचान रामपुर के महिला थाने की कॉन्स्टेबल रिंकी सिंह की थी।

### हम पड़ोसी थे, हमारी शादी भी रजामंदी से हुई थी

सोनू सिंह ने पुलिस पूछताछ में कहा- बिजनौर में मेरा गांव रायपुर और रिंकी का गांव दरबड़ आसपास है। हमारे गांवों की दूरी बमुश्किल ७ किमी होगी। २०११ में हम दोनों पुलिस कॉन्स्टेबल बने थे। हम दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। हमारी आपसी रजामंदी और हमारे परिवारों की सहमति से ही २०१३ में हमारी शादी हुई थी। हमारे २ बच्चे हैं। हमारा हंसता-खेलता परिवार था। हम दोनों ने संभल जिले के चंदौसी में लंबे समय तक नौकरी की। हमने वहां अपना मकान भी बना लिया था। करीब २ साल पहले मेरा ट्रांसफर रामपुर हो गया। एक साल बाद रिंकी भी यहीं महिला थाने में आ गई। चंदौसी का मकान बेचकर हम यहां रामपुर में ही शिफ्ट हो गए।

### ७वीं फेल ओमपाल हमारी लव स्टोरी में विलेन बनकर हावी हुआ

कॉन्स्टेबल सोनू ने पुलिस से कहा- अचानक रिंकी के गांव का ओमपाल हमारी लाइफ में विलेन बनकर दाखिल हो गया। वह ७वीं फेल है, शराबी और आवारा है। पता नहीं रिंकी को उसमें ऐसा क्या नजर आया कि वो उससे लंबी-लंबी बातें करने लगी। फिर वो एक तरह से उसके पूरी तरह से चंगुल में फंस गई थी। पति और बच्चों से ज्यादा वह ओमपाल को तरजीह देने लगी थी। ये बात मुझे शुरू से नागवार गुजरती थी। शुरू में तो मैंने इसे ये सोचकर नजरंदाज किया कि वो उसके मायके का है, लेकिन कुछ ही वक्त में मुझे महसूस हो गया कि रिंकी और ओमपाल के बीच का रिश्ता मायकेदारी और दोस्ती से कहीं आगे जा चुका है।

## सुहागिनों ने चांद का दीदार कर व्रत खोले

# पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना की, बड़ों का पैर छूकर लिया आशिर्वाद



करवा चौथ का पर्व बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। महिलाओं ने मंदिर पहुंच कर विधिवत पूजा-अर्चना की और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। इस खास मौके पर बाज़ारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। कपड़े, ज्वेलरी, संवरने का सामान, पूजा सामग्री, और उपहारों की जमकर खरीदारी बिक्री हुई।कॉलोनियों और मंदिरों में भी सामूहिक रूप से पर्व मनाया रविवार सुबह से सुहागिनें सज धज कर करवाचौथ व्रत की तैयारी के लिए जुटी रहीं। मेहंदी लगाने वालों की दुकानों पर काफी भीड़ रही। सुंदर परिधानों में सजी महिलाओं में व्रत को लेकर काफी उत्साह रहा। महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर पति की लंबी उम्र की कामना की। घरों के अलावा कॉलोनियों और मंदिरों में भी



सामूहिक रूप से पर्व मनाया गया।

करवा चौथ का पर्व महिलाओं द्वारा सोलह श्रृंगार कर श्रद्धा भाव से मनाया गया। महिलाएं सुबह से लेकर रात्रि तक निर्जला व्रत रहीं और रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देकर पूजा। फिर छलनी में चांद देखने के बाद पति का चेहरा देखा। इसके बाद पति के हाथ से जल पीकर करवा चौथा का व्रत पूरा किया। पतियों ने भी अपनी पत्नियों को आशीर्वाद दिया।

महाभारत में भी एक कहानी है जो करवा चौथ से जुड़ी हुई है। जब अर्जुन युद्ध करने नीलगिरी पर्वत पर गए थे, तो द्रौपदी बहुत चिंतित थीं। उन्होंने भगवान कृष्ण से अपने पति की सुरक्षा के लिए मार्गदर्शन मांगा। श्रीकृष्ण ने उन्हें करवा चौथ का व्रत रखने और शिव-पार्वती की पूजा करने की सलाह दी। द्रौपदी ने व्रत रखा, जिससे अर्जुन सुरक्षित रहे। कथाओं में इस कहानी को भी करवा चौथ से जोड़ कर देखा जाता है। मालती चौहान, नेहा चौहान, रिनी चौहान दीपा आदि का कहना है कि करवा चौथ न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह एक गहन आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश भी देता है।

### पति-पत्नी के जीवन में चंद्रमा जैसी शीतलता रहे

इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं और अपने पति के साथ चंद्रमा को अर्घ्य देती हैं। इसका प्रतीकात्मक अर्थ यह है कि पति-पत्नी के जीवन में चंद्रमा जैसी शीतलता और शांति होनी चाहिए। दांपत्य जीवन में संतुलन और शांति तभी प्राप्त हो सकती है जब दोनों एक-दूसरे के प्रति समान आदर और सम्मान का भाव रखें।

# बहराइच में बुलडोजर एक्शन पर लखनऊ हाईकोर्ट की रोक

## जवाब देने के लिए १५ दिन का समय दिया,सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा मामला



हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच के महराजगंज में बुलडोजर एक्शन पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने पीड़ितों को PWD के नोटिस का जवाब देने के लिए १५ दिन का समय दिया है। साथ ही हाईकोर्ट ने PWD से जवाब मांगा कि जिस रोड के किनारे बसे घरों और दुकानों पर नोटिस चस्पा किया गया है वो रोड शहरी है, ग्रामीण है या हाईवे की है।

पीडब्ल्यूडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई है। इसमें बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने के निर्देश देने की मांग की है। बहराइच हिंसा से जुड़े ३ आरोपियों और रिश्तेदारों ने याचिका दाखिल की है। इसमें मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद की बेटी भी है।

महराजगंज में लोगों ने खुद अपने घरों को तोड़ना शुरू कर दिया। लोगों को डर है कि अगर बुलडोजर चला तो फिर मकान में लगा ईंट-सरिया भी मलबे में चला जाएगा।

कई लोगों ने दुकानें और घर का सामान खाली कर दिया। शुक्रवार यानी १८ अक्टूबर की रात को PWD ने २३ घरों पर अतिक्रमण का नोटिस चस्पा किया था। इसमें ३ दिन का वक्त दिया था कि अतिक्रमण को हटा लीजिए। अन्यथा, इसे तोड़ा जाएगा।

अयोध्या के सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने बुलडोजर एक्शन पर योगी सरकार को घेरा। कहा-कानून में मौत की सजा है। लेकिन बुलडोजर नहीं। योगी बाबा प्रदेश में अलग कानून चलाना चाहते हैं।

हिंसा में मारे गए राम गोपाल के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पिता कैलाश ने गुरुवार को न्याय न मिलने पर आत्मदाह की चेतावनी दी थी।

जिन घरों में नोटिस चस्पा किया, उसमें २० मुस्लिम और ३ हिंदुओं के घर हैं। एक घर अब्दुल हमीद का है, जो राम गोपाल मिश्रा की हत्या में आरोपी है।

**२३ आरोपियों को प्रशासन ने थमाया अतिक्रमण का नोटिस**

बहराइच के महराजगंज में १३ अक्टूबर को हुई हिंसा मामले में आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चल सकता है। शुक्रवार को PWD ने मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद समेत २३ अन्य के मकानों पर नोटिस चस्पा कर दिया है। तीन दिन के भीतर नोटिस का जवाब न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जिन आरोपियों को नोटिस दिया गया है, उनमें २० मुस्लिम और तीन हिंदू आरोपी शामिल हैं। नोटिस जारी कर सभी से पूर्व में DM के आदेश की कॉपी मांगी गई है। जिसमें अनुमति पत्र न मिलने पर सभी के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। स्छरू महसी अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी को भेजे गए नोटिस का जवाब न मिलने पर बुलडोजर की कार्रवाई हो सकती है।

## सागर हाइवे पर मिला महिला का शव शरीर पर पहने थी सिर्फ एक टी-शर्ट, पुलिस करा रही शिनाख्त



कानपुर के घाटमपुर में हाइवे किनारे अर्द्धनग्न महिला का शव पड़ा मिला है। महिला के चेहरे और शरीर में चोट के निशान मिले हैं। अशंका जताई जा रही कि डंपर महिला को टक्कर मारते हुए भाग निकला है। सड़क हादसे में महिला की मौत होने की अशंका जताई जा रही है। पुलिस ने आसपास ग्राम प्रधानों को महिला की फोटो भेजने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के कानपुर-सागर हाइवे पर स्थित जहांगीराबाद और जगन्नाथपुर गांव के बीच रविवार रात अर्धनग्न हालत में महिला का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला है। महिला के चेहरे और शरीर में चोट के निशान मिले हैं। यहां से निकल रहे



राहगीरों ने महिला का शव पड़ा देखा तो फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने महिला के शव को हाइवे से किनारे की ओर किया। इसके बाद पुलिस ने महिला की फोटो आसपास ग्राम प्रधानों को भेजकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया है। महिला के शरीर में पुलिस को सिर्फ एक ऑरेंज रंग की टी शर्ट मिली है।

पुलिस के मुताबिक महिला की मौत सड़क हादसे में हुई है। महिला रोड पार कर रही होगी, इस दौरान कानपुर की ओर से आया तेज रफ्तार डंपर महिला को टक्कर मारते हुए भाग निकला है। पुलिस ने घटना की जांच करने के साथ महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया की महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की जांच की जा रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से यह महिला घाटमपुर ओवरब्रिज के नीचे दिखाई दे रही थी। हालांकि महिला अपने शरीर में पूरे कपड़े पहने रहती थी। ग्रामीण महिला के साथ अनहोनी होने की अशंका जता रहे हैं। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दोस्ती कर युवती का बनाया अश्लील वीडियो



### युवती के विरोध करने पर चाकू से किया हमला, तेजाब फेंकने की भी दी धमकी

गोरखपुर के शाहपुर इलाके में एक युवक ने पहले युवती से दोस्ती की, फिर भरोसे का फायदा उठाकर उसकी आपत्तिजनक वीडियो और फोटो बना ली। जब युवती ने उससे दूरी बनानी शुरू की और अपने उधार दिए पैसे वापस मांगे, तो युवक ने बेरहमी से चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद युवक ने तेजाब फेंकने की धमकी दी और फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

**तीन साल की दोस्ती से विश्वासघात तक का सफर**

कुशीनगर की रहने वाली पीड़िता अपनी मां और बहन के साथ गोरखपुर के शाहपुर इलाके में किराए के मकान में रहती है। पीड़िता की मां और बहन सरकारी शिक्षिकाएं हैं, जबकि उसका भाई रेलवे में नौकरी करता है और घर से दूर तैनात है।

तीन साल पहले मोहल्ले के युवक से उसकी दोस्ती हुई थी। युवक ने अपनी पारिवारिक समस्याओं का हवाला देकर उससे उधार लिया और इस दौरान उसका विश्वास जीतकर उसकी निजी वीडियो और फोटो बना लिए।

**रुपये वापस मांगने पर मिली जान से मारने की धमकी**

जब युवती ने अपने उधार दिए पैसे वापस मांगे और आरोपी से दूरी बनानी शुरू की, तो युवक ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इससे घबराकर पीड़िता ने उससे पूरी तरह बात करना बंद कर दिया। १८ अक्टूबर की दोपहर को आरोपी युवक हथियार लेकर पीड़िता के घर में घुस आया और बात न करने व पैसे वापस मांगने पर चाकू और ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई।

**तेजाब फेंकने की धमकी देकर फरार, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई** हमले के बाद आरोपी ने जाते-जाते पीड़िता पर तेजाब फेंकने की धमकी दी और उसकी मां-बहन को भी जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिला ने होटल में किया सुसाइड



कानपुर के झकरकटी बस अड्डे के पास रविवार को एक होटल में लालगंज की महिला ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। महिला ने लव मैरिज की थी, लेकिन पति से विवाद के चलते तलाक हो गया था। दोनों बच्चों को लेकर पति अलग हो गया था। इधर मायके वालों ने भी साथ रखने से इनकार कर दिया तो महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। रायपुरवा पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### लव मैरिज के बाद पति से तलाक और बच्चों ने छोड़ा, परिवार ने अपनाने से इनकार किया







